25/06/2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- संविधान हत्या दिवस पर देशभर में लोकतांत्रिक मूल्यों पर हुई चर्चा, प्रधानमंत्री ने भी दी श्रद्धांजलि।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से 203 करोड़ रुपये की पेंशन राशि अंतरित की।
- प्रदेश के सरकारी कर्मचारी रिटायरमेंट या मृत्यु की स्थिति में अधिकतम 300 दिनों के अवकाश का नकदीकरण कर सकेंगे।
- प्रदेश के 15 जिलों में मानसून की दस्तक, कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

## संविधान हत्या दिवस

आज 'संविधान हत्या दिवस' के अवसर पर देशभर में आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वालों को याद किया गया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पर कहा कि आपातकाल भारत के इतिहास का एक अत्यंत कठिन दौर था, जिसने हमारे संविधान के मूल्यों की कड़ी परीक्षा ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रताएं निलंबित की गईं और राजनीतिक नेताओं व पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा हमला फिर न हो। उधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आपातकाल की विभीषिका के विरूद्ध डटकर खड़े होने वाले लोकतंत्र प्रहरियों को नमन करते हुए कहा कि 25 जून, 1975 देश में लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन था। आज के दिन ही 1975 में इंदिरा सरकार के अहंकार के परिणामस्वरूप देश में आपातकाल लगाया गया था।

## प्रधानमंत्री–सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री की यह सेशेल्स की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2015 में सेशल्स का दौरा किया था। भारत और सेशेल्स के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन–जन के मजबूत संबंध हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश है।

मुख्यमंत्री–पेंशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई–बहनों और बुजुर्गों के खातों में 203 करोड़ 56 लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार की कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय का संकल्प सिद्ध हो रहा है।

राज्यपाल–विकसित भारत

भोपाल के लोकभवन में विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 102वीं बैठक आयोजित हुई। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विश्वविद्यालयों को युवाओं में कौशल, योग और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं को अधिक अवसर देने और गरीब कल्याण की योजनाओं से विद्यार्थियों को जोड़ने पर बल दिया।

पद्मश्री–मोहन नागर

बैतूल जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नगर को प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में पद्मश्री सम्मान से विभूषित किए जाने के बाद भोपाल लौटे मोहन नगर का मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

अवकाश

प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने सरकारी कर्मचारियों के लिए लीव इनकैशमेंट राशि के संबंध में नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अब कर्मचारी रिटायरमेंट या सेवाकाल में मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली छुट्टी की राशि का स्व–आकलन कर सकेंगे। आदेशानुसार, कर्मचारियों को अधिकतम 300 दिनों के अर्जित अवकाश (ईएल) का ही नकदीकरण लाभ मिलेगा। यदि किसी ने पहले इसका लाभ लिया है, तो वह अवधि कुल 300 दिनों की अधिकतम सीमा में से घटा दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में मानसून ने दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र के 15 जिलों में कल दस्तक दे दी है। अगले 2 से 3 दिनों के भीतर मानसून प्रदेश के शेष हिस्सों को भी कवर करने का अनुमान है। विभाग ने कल सीहोर, सागर, विदिशा और छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों में भारी से सामान्य बारिश की चेतावनी जारी की है। बीते चौबीस घंटों के दौरान ''खंडवा'' जिले में 24.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई, जिससे तापमान में भारी गिरावट आई है। वहीं ''सीहोर'' जिले में इस दौरान 0.91 इंच बारिश हुई। ''छिंदवाड़ा'' जिले में 1 जून से अब तक कुल 64.4 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है ''दतिया'' जिले में अब तक केवल 13.25 मिलीमीटर ही बारिश हुई है। उधर, 'पांढुर्णा' जिले के ग्राम बढ़ चिचोली में खेत में काम करते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई।

## श्रम विभाग- निर्देश

श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा, स्वस्थ कार्य परिवेश सुनिश्चित करने और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत अब सभी निर्माण स्थलों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। इसके लिए 'श्रम सेवा पोर्टल' मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्माण स्थल का विवरण, कर्मचारियों की संख्या और लोकेशन सहित अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्र की जा रही हैं, जिससे नियोजक श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं का विवरण दे सकें।

## संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर प्रीति यादव ने स्कूली वाहनों की नियमित और सघन जांच करने के कड़े निर्देश दिए हैं।
- धार जिले के धामनोद क्षेत्र में परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाकर 50 स्कूली वाहनों की जांच की। नियम विरुद्ध पाए गए 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 33 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।
- नर्मदापुरम जिले में रेशम समृद्धि योजना के तहत किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ई–रेशम पोर्टल पर मलबरी पौधरोपण हेतु ऑनलाइन पंजीयन शुरू कर दिया गया है।
- सागर जिले में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए वर्षा जल संचयन के लिए फार्म पॉन्ड्स के निर्माण के निर्देश दिए।
- झाबुआ जिले के मेघनगर में संभागीय चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मेघनगर और उदयगढ़ में औचक निरीक्षण कर किराना दुकानों और दुग्ध केंद्रों से खाद्य पदार्थों के 34 नमूने जांचे गए।
- शहडोल जिले के बुढ़ार में जनजातीय कार्य विभाग ने दो करोड़ रुपये से अधिक की गंभीर वित्तीय अनियमितता सिद्ध होने पर पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा को बर्खास्त कर दिया।
- नीमच जिले के ग्राम हनुमंत्या व्यास में शासकीय कुएं से पानी बेचने की शिकायत पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर पीएचई विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर रोक लगाई।
- गुना के चांचौड़ा शाखा में खाद वितरण व्यवस्था में लापरवाही और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के बाद, प्रभारी प्रबंधक को हटाकर मोन्टू विंदल को नया प्रभार सौंपा गया है।
- भोपाल के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के आनंद विद्या मंदिर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत करीब 250 छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई।
- मंदसौर में पीएचई विभाग द्वारा भानपुरा में आयोजित कार्यशाला में 44 ग्राम पंचायतों को जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए 10 प्रकार की जांच वाली फील्ड टेस्टिंग किट वितरित की गई।